an>

Title: Need to protect Varunavat Mountain in Uttarakhand using latest technology.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड) की ओर दिलाना चाहती हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र के उत्तरकाशी में 12 वर्ष के बाद वरूणावत पर्वत ने फिर से रौद्र रूप धारण कर लिया है, जिसने उत्तरकाशी शहर के लोगों की नींद उड़ा दी है। सितम्बर, 2003 भूस्खलन के बाद वरूणावत पर्वत का ट्रीटमेंट किया गया था, जिसके बाद कुछ वर्षों तक यह पर्वत शांत रहा है। अभी 15 जुलाई को तांबाखाणी सुरंग के ऊपर पर्वत के दरकने के कारण लोग भयभीत हैं। ज्ञानसू, इंदिरा कॉलोनी, भटवाडी मार्ग के आस-पास के लगभग दस हजार लोगों पर खौफ का साया मंडरा रहा है। वर्ष 2003 में केन्द्र सरकार ने वरूणावत पर्वत के उपचार के लिए 282 करोड़ रुपये का पैकेज दिया था। जिस तकनीक से उपचार होना था, उसकी अनदेखी की गयी। पांच वर्ष तक इसका ट्रीटमेंट चला, सीमेंट व कंकरीट के सीढ़ीनुमा प्लेटफार्मों से पानी निकालने के लिए नालियां बनाई गई, लेकिन नालियों को खुला छोड़ दिया गया। भूवैज्ञानिकों का कहना है कि इसी कारण से फिर वरूणावत पर्वत दरक रहा है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वरूणावत पर्वत के उपचार हेतु उच्च तकनीकी का प्रयोग किया जाए, जिससे वरूणावत पर्वत का सही उपचार हो सके।...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : श्री सतीश चंद्र दुबे - उपस्थित नहीं।

श्री ओम बिरला

...(*Interruptions*)